

बांसवाड़ा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पारम्परिक वाद्ययंत्रों तथा उनके संगीत को देखा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने जनजातीय गौरव दिवस बांसवाड़ा में मनाया

## उन्होंने कहा बागड़ अंचल के आदिवासी वीरों ने गोविन्द गुरु के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनजाति क्षेत्र के लिये सात नवीन आश्रम छात्रावास, एक नवीन खेल अकादमी, तीन नवीन आवासीय विद्यालय और 250 नवीन मां-बाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये हैं।**

बांसवाड़ा/जयपुर, 15 नवम्बर। शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बांसवाड़ा जिले के गोविन्द गुरू महाविद्यालय मैदान में आयोजित "नवादि युगधारा प्रणेता समागम" कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने अपना जीवन भारत के स्वतंत्रता संग्राम, विरासत और संस्कृति को समर्पित कर दिया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा, जनजातीय गौरव दिवस देशवासियों के लिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदायों के योगदान को स्मरण करने का अवसर है। राजस्थान के आदिवासी वीर योद्धा महाराणा प्रताप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े और अपनी जन्म-भूमि के गौरव के लिए मर-मिटे थे। वागड़ अंचल में गोविंद गुरु के नेतृत्व में आदिवासी वीरों ने अंग्रेजों की गुलामी से लड़ने का काम किया। वागड़ की धरती पर मानगढ़ धाम 1500 से अधिक आदिवासी वीरों के बलिदान का साक्षी है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश के करोड़ों आदिवासी परिवारों का जीवन आसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने "पीएम-जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान- जनमन" की शुरूआत की है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से देशभर में 63 हजार आदिवासी गांवों में 5 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार डूंगरपुर में डूंगर बरंडा और बांसवाड़ा में बांसिया चारपोटा जनजातीय नायकों के स्मारकों का निर्माण तथा उदयपुर में वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय का निर्माण करेगी। अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए टी.एस.पी. फंड की राशि 1 हजार करोड़ से बढ़ाकर एक हजार 500 करोड़ रुपये कर दी है। खेल अकादमियों में छात्र-छात्राओं की मैस भत्ता राशि को बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रतिमाह किया है। उन्होंने कहा कि हम शाहबाद-बारां में सहरिया जनजाति के लिए तीरंदाजी व एथलैटिक्स खेल अकादमी की स्थापना करेंगे। साथ ही, 7 नवीन आश्रम छात्रावास, 1 नवीन खेल अकादमी, 3 नवीन आवासीय विद्यालय एवं 250 नवीन मां-बाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये गए हैं।

शर्मा ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासियों व परम्परागत वन निवासियों के कल्याण के लिए गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की घोषणा की गई थी, जिसका शुभारंभ आज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां रेलवे, हाईवे, विद्यालय जैसे कार्यों से विकास को बढ़ाया जा रहा है। महाराणा प्रताप सर्किट एवं धार्मिक सर्किट भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, त्रिपुरा सुंदरी, बेणेश्वर धाम और मानगढ़ धाम को जोड़ते हुए पर्यटन सर्किट बनाने एवं इस क्षेत्र को औद्योगिक रूप से बढ़ावा देकर यहां के युवाओं को रोजगार देने का काम हमारी सरकारी करेगी।

शर्मा ने समारोह में दो राजसखियों को 114 करोड़ रुपये का चैक प्रदान किया। उन्होंने आदिवासी जनजातीय क्षेत्र में उन्नत किसान, महिला उद्यमी, शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली पांच-पांच प्रतिभाओं सहित, नवाचार करने वाले दो व्यक्तियों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

उन्होंने मेला मैदान में लगाई गई स्टॉल्स एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री को आदिवासी अंचल की पहचान, मांडना चित्र और तीर कमान भेंट किया गया। शर्मा ने इस अवसर पर गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की पुस्तिका का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाशचन्द्र मीणा एवं शंकरलाल डेचा, सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास भानु प्रकाश एटूरू सहित, बड़ी संख्या में आदिवासी अंचल के आमजन मौजूद थे।

## यूपी में ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश विफल

लखनऊ, 15 नवंबर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। सहारनपुर-अंबाला रेल खंड पर सरसावा रेलवे स्टेशन के नजदीक 'पेंड्रोल क्लिप' खोलकर पटरी पर रख दी गई। इसकी सूचना मिलते, ही ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। अधिकारियों, शुक्रवार को यह जानकारी दी।

- **सहारनपुर अंबाला रेलखंड पर सरसावा स्टेशन के पास किसी ने पेंड्रोल क्लिप खोलकर पटरी पर रख दी थी। यह क्लिप स्लीपर को पटरी से जोड़ती है।**

अधिकारियों ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है, जब रेलवे सुरक्षा बल के गश्ती दल ने सरसावा रेलवे स्टेशन के निकट खंभा नंबर-199 के पास 'पेंड्रोल क्लिप' को पटरियों के ऊपर रखा देखा। इसके बाद, उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। 'पेंड्रोल क्लिप' स्लीपर और पटरियों को आपस में जोड़ने का काम करती है। इसके न होने से हादसे का खतरा हो सकता है।

अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, राजकीय रेलवे पुलिस, आर.पी.एफ. के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आर.पी.एफ. ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर डी.आर.एम. मंदीप सिह ने कहा, 'इस बात की जांच की जा रही है कि यह किसी की शरारत है या किसी ने साजिश के तहत 'पेंड्रोल क्लिप' को खोलकर पटरियों पर रख दिया।'

## 'राहुल गाँधी का...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कि हैलिकॉप्टर उड़ान में देरी राजनीति से प्रेरित थी। सूत्रों के अनुसार, हैलिकॉप्टर को उड़ान के लिए दी जाने वाली क्लियरैंस, जमुई (बिहार) में प्रधानमंत्री की रैली के कारण रोकी गई थी, जिसके कारण क्षेत्र में एयरस्पेस उपलब्धता प्रभावित थी। इक्यासीय सीटों वाली झारखंड विधानसभा के चुनावों का प्रथम चरण 13 नवम्बर को संपन्न हुआ और दूसरा चरण 20 नवंबर को है। मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

# 20 लाख की ईनामी नक्सली मंजुला ने आत्म समर्पण किया

## उस पर 2013 में हुए छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नरसंहार के कारण ईनाम घोषित था

- **झीरम घाटी हत्याकांड में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नन्द कुमार पटेल, पूर्व कन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल सहित दर्जनों नेताओं की हत्या हुई थी।**

रायपुर, 15 नवम्बर। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नरसंहार, झीरम घाटी हत्याकांड-2013, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नन्दकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल ,बस्तर टाइगर के महेंद्र कर्मा समेत दर्जनों नेताओं की हत्या हुई थी, में शामिल 20 लाख की ईनामी नक्सली मंजुला उर्फ निर्मला ने शुक्रवार को तेलंगाना के वारंगल में पुलिस के पास आत्म समर्पण कर दिया।

मंजुला ने वारंगल में पुलिस आयुक्त के पास जाकर आत्मसमर्पण किया। ज्ञातव्य है कि झीरम कांड में छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज कांग्रेस नेताओं को जान से हाथ धोना पड़ा था और कांग्रेस की अग्रिम पंक्ति करीब-करीब समाप्त हो गयी थी। मंजुला कुख्यात नक्सली लीडर कोडी कुमार स्वामी उर्फ आनंद एवं कोडी वेंकन्ना उर्फ गोपन्ना की बहन है और साथ ही दंडकरण स्पेशल ज़ोनल कमिटी, साउथ सब डिविज़न ब्यूरो की सदस्य है। वह 1994 में माओवादी संगठन में शामिल हुई थी और आज, यानी 15 नवंबर 2024 को उसने पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया।

गौरतलब है कि यह घटना 25 मई 2013 की है, जब छत्तीसगढ़ में एक खौफनाक और भयावह हत्याकांड हुआ था, जिसे राज्य का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्याकांड माना जाता है। इस हमले में दिग्गज कांग्रेस नेता नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित 30 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी।

इस हमले के बाद, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस, दोनों सरकारों के कार्यकाल में जांच का सिलसिला चलता रहा, लेकिन हत्याकांड के अपराधियों का पर्दाफाश तथा इसके पीछे के रहस्यों को अब तक नहीं सुलझाया जा सका है।

## प.बंगाल में टैबलेट खरीद घोटाले की जांच एस.आई.टी. करेगी

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, इस मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं

- **राज्य सरकार ने उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रत्येक छात्र को टैबलेट या मोबाइल खरीदने के लिये 10 हजार बैंक खाते में भेजे थे। बहुत सारे छात्रों को धनराशि नहीं मिली, वह अन्य खातों में भेज दी गई।**

कोलकाता, 15 नवंबर। पश्चिम बंगाल में टैबलेट के लिए दी जाने वाले धनराशि के दुरुपयोग से जुड़े घोटाले की जांच के लिए एस.आई.टी. गठित की गई है। इसकी जानकारी मुख्यमत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दी। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि सरकार ने धोखाधड़ी की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है जिसमें टैबलेट या मोबाइल फोन खरीदने के लिए छात्रों के बैंक खातों में भेजी गई सरकारी धनराशि को अन्य बैंक खातों में भेज दिया गया था।

राज्य के उत्तरी भाग में बागडोगरा हवाई अड्डे पर ममता बनर्जी ने कहा कि इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले उच्चतर माध्यमिक के प्रत्येक छात्र के बैंक खाते में 10,000 रुपये भेजे थे ताकि वह टैबलेट या मोबाइल फोन खरीद सके, लेकिन कथित गड़बड़ी के कारण उनमें से कई छात्रों को यह धनराशि नहीं मिली।

## मुंबई का संगीतकार नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार

मुंबई, 15 नवंबर। कोलकाता पुलिस की एक टीम ने यहां मुंबई के एक प्रसिद्ध संगीतकार को अपने संस्थान में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, संगीतकार संजय चक्रवर्ती को शहर के उपनगरीय इलाके में एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया। उस पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी संगीतकार को स्थानीय अदालत में पेश किया गया और अदालत ने चारु मार्केट पुलिस टीम के अधिकारी द्वारा की गई स्थानांतरित ट्रांजिट रिमांड को मंजूरी दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संगीतकार ने जून में मुंबई के योग संस्थान में छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। आरोपी यहां गायन कक्षाएं संचालित करता है।

## बिहार की युवा सांसद शांभवी की अनूठी पहल

बिहार, 15 नवंबर। देश में सरकार की ओर से लड़कियों की शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं, अब नेताओं की ओर से निजी स्तर पर भी बेटियों के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। बिहार की युवा लोकसभा सांसद शांभवी चौधरी ने ऐसा ही कदम उठाया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने गुरुवार को घोषणा की है कि वह अपने लोकसभा क्षेत्र, समस्तीपुर में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल के वेतन दान करेंगी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अध्यक्षता वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी की प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के दौरान तारीफ की थी। उन्होंने शांभवी को एनडीए का सबसे युवा उम्मीदवार बताया था।

## 'नाबालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बलात्कार है'

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी पर 10 साल की सजा बरकरार रखी

- **हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा, "18 साल से कम उम्र की लड़की से यौन संबंध बलात्कार है, चाह वह शादीशुदा हो या नहीं।"**

मुंबई, 15 नवंबर। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए 18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने को बलात्कार करार दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने इस अपराध के लिए 10 साल कैद की सजा पाने वाले व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। ज्ञातव्य है कि न्यायमूर्ति जी ए सनप की नागपुर पीठ ने 12 नवंबर को पारित एक आदेश में 24 वर्षीय व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सत्र अदालत के 2021 के फैसले को चुनौती दी गई थी।

दरअसल, सत्र अदालत ने आरोपी को अपनी नाबालिग पत्नी का यौन उत्पीड़न करने के मामले में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था। सत्र अदालत ने आरोपी को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि चूंकि पीड़िता उसकी पत्नी है, इसलिए उनके बीच यौन संबंध को बलात्कार नहीं कहा जा सकता।

तथापि, हाई कोर्ट ने कहा कि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम होने पर उसके साथ सहमति से यौन संबंध के आधार पर बचाव नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, "18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना बलात्कार है, चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। अठारह साल से कम उम्र की पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाना बलात्कार है।"

ज्ञातव्य है कि महिला ने 2019 में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने कहा था कि वह आरोपी के साथ रिश्ते में थी, लेकिन उसके मना करने के बावजूद उसने उसका बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। शिकायत में कहा गया कि इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और उन्होंने शादी कर ली, लेकिन व्यक्ति ने गर्भपात कराने पर जोर दिया।

## 'महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने मेरे...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

पुलिस ग्राउंड हेलिपैड पर महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री एकनाथ शिन्दे के लगेज की चैकिंग की गई।

एकनाथ शिन्दे विधानसभा चुनाव प्रचार के सिलसिले में पालघर आये थे, जहाँ ई.सी.आई. अधिकारियों ने उनके हेलिकॉप्टर के उतरने के बाद, सुरक्षा सम्बधी सतर्कता के रूप में मुख्यमंत्री के बैग तथा हेलिकॉप्टर चैक किये थे।

विधानसभा चुनाव की तिथियाँ घोषित करते समय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था कि एनफोर्समेन्ट एजेंसियों को निर्देश दिये गये है कि वे चुनाव में बराबरी सुनिश्चित करने के लिये, सभी नेताओं के हेलिकॉप्टर की चैकिंग करें। उन्होंने कहा था कि इस कार्यवाही का उद्देश्य चुनावों के दौरान सत्ता के किसी भी प्रकार के अनुचित प्रभाव तथा सत्ता के दुरूपयोग को रोकना और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को बनाये रखना है।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधान सभा सीटों के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ चुका है तथा सत्तारूढ़ "महायुति" एवं विपक्षी "महा विकास अघाडी (एम.वी.एस.) मतदाताओं को अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहे है। मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

## 'मैरिट के आधार पर मैडिकल...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

जाएं। वहीं, अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कम मेरिट वाले निजी पक्षकारों को किए गए सीट आवंटन को निरस्त करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश रोहित चौधरी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने नीट यूजी-2024 में मेरिट में उच्च स्थान प्राप्त किया था। कोविड महामारी के कारण सरकार ने उन्हें कक्षा 11वीं से अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया था, जिसके चलते उन्हें मिले प्रमाण पत्र में विषयों का उल्लेख नहीं था। याचिकाकर्ताओं को गत 28 अक्टूबर को तीन घंटे के लिए आयोजित नीट के स्ट्रे वैकेंसी राउंड में दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया, जहां उन्हें यह कहते हुए कॉलेज आवंटित नहीं किया कि उनकी 11वीं अंकतालिका में बायोलॉजी विषय का उल्लेख नहीं है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं से कम मेरिट वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित कर दिये गये। वहीं, राज्य सरकार, एन.एम.सी. और एन.टी.ए. की ओर से कहा गया कि एम.बी.बी.एस. में प्रवेश के लिए कक्षा 11वीं में तय विषय होने चाहिए, जबकि याचिकाकर्ताओं के पास मौजूद दस्तावेजों में बायोलॉजी विषय का उल्लेख नहीं था। जिन दूसरे अभ्यर्थियों के पास तय विषय से 11वीं पास होने के दस्तावेज थे, उन्हें सीट आवंटित कर दी गई थी। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं को मेरिट के आधार पर सीट आवंटित करने और कम मेरिट वाले निजी पक्षकारों का आवंटन निरस्त करने को कहा है।

## हाईकोर्ट बार...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

हिस्सा हैं, लेकिन न्यायपालिका को केवल न्यायाधीशों से ही नहीं जाना जाता। यह न्यायाधीश और वकीलों का संगठित क्षेत्र है। अधिवक्ताओं के बिना न्यायपालिका अधूरी है और बार व बेंच न्यायपालिका की गाड़ी के दो पहिए हैं।

उन्होंने कहा कि आज करीब 27 लाख वकील आमजन को न्याय दिलाने के कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। इसलिए बेंच को हमेशा वकीलों को उचित सम्मान देना चाहिए। बार व बेंच के मधुर संबंध होने से आमजन को न्याय प्रदान करने में गति मिलेगी।

## 'अमरनाथ बस...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

की मौत हुई और 47 अमरनाथ यात्री जख्मी हो गए। यह दुर्घटना बस चालक की गलती से हुई थी और जांच में पुलिस ने भी चालक को ही दोषी माना था।

ऐसे में विपक्षी जम्मू-कश्मीर स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन क्षतिपूर्ति राशि देने के लिए उत्तरदायी हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं को हर्जाना राशि देने को कहा है।

## कर्नाटक में ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

विधान सौधा भवन जहां मुख्यमंत्री का 70 साल पुराना कार्यालय है इसकी मरम्मत की जरूरत है। कांग्रेस ने कहा, यह फिज़ूल खर्च नहीं है, यह राज्य की सम्पत्ति है, जो भी मुख्यमंत्री बनेगा इसका इस्तेमाल करेगा। भाजपा ने कहा कि खर्च जब मंत्री शिकायत कर रहे हैं कि उनके पास विकास कार्यों के लिए फंड नहीं है ऐसे में सारा फालतू खर्च कर रही है।

## पंजाब व हरियाणा के बीच एक...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

निर्माण के लिये, हरियाणा को पंजाब की एक इंच जमीन नहीं दी जानी चाहिये।"

कटारिया दोहरी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं क्योंकि केन्द्रशासित चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं। इस समय, पंजाब और हरियाणा राज्यों कि अलग-अलग विधानसभाएं चंडीगढ़ के एक कॉमन बिल्डिंग कॉम्पलेक्स में ही स्थित है। यह भवन पंजाब और हरियाणा सिविल सेक्रेटेरिएट से सटा हुआ है। हरियाणा में इस समय 90 विधायक है।

यह संख्या परिसीमन के बाद 120 हो सकती है। हरियाणा के उर्जा, यातायात एंव श्रम मन्त्री अनिल विज ने कहा "हम अपनी भविष्य की आवश्यकताओं के लिए तैयारी कर रहे है।" दूसरी तरफ, पंजाब नेता संघर्ष पर उतारू हो रहे हैं। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर, उनसे अनुरोध किया है कि चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकारिक दावे स्वीकार किये जायें।

एस.ए.डी. के प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने कहा है कि केन्द्र का यह निर्णय, जिसके अर्न्तगत हरियाण को चंडीगढ़ के साथ भूमि की अदला-बदली को अनुमति भी दे दी है, "असंवैधानिक" है। क्योंकि राज्य की सीमाओं को बदलने का अधिकार केवल संसद के पास है। पंजाब आप के प्रवक्ता नील गर्ग ने आरोप लगाया है कि केन्द्र "पंजाब के विरूद्ध षडयन्त्र" कर रहा है।

# प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी आई

## साढ़े तीन घंटे बाद दूसरे विमान से मोदी दिल्ली गये

- **प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा की 150 वीं जयन्ती में भाग लेने बिहार के जमुई गये थे।**

रांची,15 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान में आज तकनीकी खराबी आने के बाद वायुसेना का दूसरा विमान दिल्ली से देवघर एयरपोर्ट पहुंचा और इसके बाद प्रधानमंत्री दिल्ली के लिए रवाना हुए। देवघर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री बिहार के जमुई गए थे और वहां बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित समारोह में शिरकत करने के बाद वे देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना होनेवाले थे, लेकिन विमान में तकनीकी दिक्कत आ गयी थी।

प्रधानमंत्री मोदी का विमान साढ़े तीन घंटे बाद देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ा। करीब शाम पांच बजे मोदी वायुसेना के विमान से दिल्ली रवाना हुए। प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी की सूचना पर 4:10 बजे दिल्ली से दूसरा विमान मंगाया गया। विमान के देवघर पहुंचते ही मोदी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पहले, देवघर एयरपोर्ट से टेक ऑफ के लिए जैसे ही विमान आगे बढ़ रहा था, उसी दौरान सीनियर पायलट को पहिए में तकनीकी खराबी की जानकारी मिली। उसके बाद विमान को रोका गया और सभी को अलर्ट कर विमान को धीरे-धीरे टर्मिनल की ओर लाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री विमान में ही बैठे रहे। वायुसेना का दूसरा विमान आने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हुए।

दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री के विमान में खराबी की वजह से राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को करीब डेढ़ घंटे तक क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण, गोड्डा जिले के महागामा में उन्हें इंतजार करना पड़ा और इसके बाद वे बेरमो चुनाव प्रचार करने गए।

# लॉरेंस गैंग के निशाने पर है श्रद्धा वॉकर हत्याकांड का आरोपी

- **आफताब पूनावाला पर 2022 में श्रद्धा वॉकर की हत्या कर टुकड़े -टुकड़े करने का आरोप है**
- **इस संबंध में मीडिया रिपोर्ट आने के बाद तिहाड़ जेल में हाई अलर्ट कर दिया गया।**

नई दिल्ली, 15 नवंबर। दिल्ली में चर्चित श्रद्धा वाकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर आफताब पूनावाला भी है। ज्ञातव्य है कि पूनावाला पर मई 2022 में श्रद्धा वाकर की कथित तौर पर हत्या करने और फिर उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लेते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। जेल में आफताब पूनावाला के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं।

तिहाड़ सूत्रों के अनुसार, जेल प्रशासन मीडिया में चल रही खबरों का संज्ञान लेते हुए आफताब पूनावाला की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड में है। आफताब पूनावाला तिहाड़ जेल नंबर-4 में बंद है। तिहाड़ सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है लेकिन मीडिया में आई खबरों का संज्ञान लिया गया है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पकड़े गए आरोपी शिव कुमार गौतम ने पुलिस के सामने ऐसी बात कही है कि वो आफताब को मारना चाहते हैं।

दिल्ली के छतरपुर इलाके में मई 2022 में श्रद्धा वाकर की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद श्रद्धा के शरीर के 30 से भी ज्यादा टुकड़े कर दिए गए थे। यह घटना तब सामने आई जब श्रद्धा के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी के मुताबिक, श्रद्धा के शरीर के टुकड़ों को फ्रिज में तीन हफ्ते तक रखा गया था और धीरे-धीरे कर के शहर के अनेक इलाकों में फेंक दिया गया था।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908